प्रो. टंकेशवर कुमार
कुलपति
हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय
महेंद्रगढ़

# अपील

*****

हिंदी भाषा हमारे राष्ट्र की पहचान व देशवासियों का गर्व है। संविधान में इसे राजभाषा का दर्जा दिया गया है। विकसित भारत की संकल्पना में हिंदी का विशेष महत्व है।

आधुनिक भारत में हिंदी भाषा दिन-प्रतिदिन कंठ से कलम व कलम से कंप्यूटर तक नित-नयी उपलब्धियां प्राप्त कर रही है। हिंदी दिवस हिंदी के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व के प्रतीक का राष्ट्रीय उत्सव है।

अतः हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर मेरी विश्वविद्यालय परिवार से अपील है कि जहाँ राष्ट्रीय गौरव अथवा अस्मिता का प्रश्न हो, वहां हमें सम्मान हिंदी भाषा को ही देना चाहिए। हमें हिंदी में दक्षता प्राप्त करने के अतिरिक्त, अधिक से अधिक ज्ञान-विज्ञान में सीखने के लिए अनुकूल वातावरण विकसित करने के साथ हिंदी में काम करने का प्रण लेकर राजभाषा को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है।

'हिंदी दिवस-2025' की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ...

(प्रो. टंकेशवर कुमार)